Girls' High School & College , Prayagraj

Worksheet No. - 03

Session - 2020-2021

Class - 7th A,B,C,D,E,F

Subject - Hindi Language

**निर्देश – अभिभावकों से निवेदन है कि दिए गए अभ्यास कार्य को किसी भी व्याकरण पुस्तक द्वारा पूर्ण कराने में छात्राओं की सहायता करें |**

# पाठ – समास

समास शब्द का अर्थ है – संक्षिप्त करने की विधि|

यह शब्द निर्माण की एक प्रक्रिया है| इसमें दो या दो से अधिक शब्दों के मध्य आने वाले भाग को हटा कर नया सामासिक शब्द बनाया जाता है| इसे समास बनाने की प्रक्रिया कहते हैं|

बंधन से मुक्त = बंधनमुक्त

सुन्दर है जो कन्या = सुकन्या

बंधन से मुक्त शब्दों का समूह है, इसे संक्षिप्त करके नया शब्द बंधनमुक्त बना है| सुन्दर है जो कन्या इस शब्द समूह को संक्षिप्त करके नया शब्द सुकन्या बना है|

समास – दो या दो से अधिक शब्दों को मिलाने से जो एक नया शब्द बनता है, उसे समास कहते हैं|

समस्तपद – समास की प्रक्रिया से जो शब्द बनते हैं, उन्हें 'समस्तपद' कहा जाता है| जैसे – चौराहा

समास-विग्रह – समस्त पदों को अलग करने की विधि को समास – विग्रह कहते हैं| समास – विग्रह में दो पद होते हैं, इनमें पहला पद (पूर्व पद) और दूसरा पद (उत्तर पद) कहलाता है | जैसे –

पूर्व पद उत्तर पद

देश + भक्ति = देशभक्ति

समास के भेद – अर्थ के आधार पर समास के चार भेद होते हैं –

1 – अव्ययीभाव समास

2- तत्पुरुष समास

3- द्वन्द  समास

4- बहुव्रीहि समास

1 – अव्ययीभाव समास – अव्ययीभाव समास में पहला पद प्रधान होता है| इसमें समस्त पद लिंग, वचन, कारक, काल आदि की दृष्टि से बदलते नहीं हैं |

अब इनका वाक्य प्रयोग देखिए और समझिए –

(क) दिनभर मैंने मेहनत की |  (एकवचन)

(ख) हमने दिनभर मेहनत की |  (बहुवचन)

(ग) लड़की ने दिनभर मेहनत की | (स्त्रीलिंग)

(घ) लड़कों ने दिनभर मेहनत की | (पुल्लिंग)

(ङ) लड़कियों ने दिनभर मेहनत की | (कारक चिह्न)

उदाहरण-

| समस्त पद- | समास विग्रह- |
|---|---|
| यथाशक्ति | शक्ति के अनुसार |
| प्रत्येक | एक-एक |
| रातोंरात | रात ही रात में |

2- तत्पुरुष समास- जिस समास का दूसरा पद प्रधान होता है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं| तत्पुरुष समास में कारकों के परसर्ग हट जाते हैं |

तत्पुरुष समास के उदाहरण –

1- कर्म तत्पुरुष समास – इस समास में कर्मकारक की विभक्ति (परसर्ग) ‘को’ का लोप होता है-

लोकप्रिय =लोगों को प्रिय

स्वर्गीय = स्वर्ग को गया

2- करण तत्पुरुष समास – करण कारक की विभक्ति 'से' या 'के' द्वारा का लोप होता है –

तुलसीकृत =तुलसी के द्वारा कृत

भुखमरा =भूख से मरा

3- संप्रदान तत्पुरुष समास – संप्रदान कारक की विभक्ति 'के लिए' का लोप होता है –

देश – भक्ति = देश के लिए भक्ति

राहखर्च = राह के लिए खर्च

4- अपादान तत्पुरुष समास – अपादान कारक की विभक्ति 'से' का लोप हो जाता है –

पदमुक्त = पद से मुक्त

बंधनमुक्त = बंधन से मुक्त

5 – संबंध तत्पुरुष समास – संबंध कारक की विभक्ति 'का/ के/की' का लोप हो जाता है –

राजकुमार = राजा का कुमार

समयानुसार = समय के अनुसार

राजसभा = राजा की सभा

6 – अधिकरण तत्पुरुष समास – अधिकरण कारक की विभक्ति 'में/पर' का लोप हो जाता है –

वनवास = वन में वास

घुड़सवार = घोड़े पर सवार

प्रश्न(1)- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) समास किसे कहते हैं?

(ख) समास के भेदों के नाम लिखिए ।

(ग) तत्पुरुष समास किसे कहते हैं?इनके उदाहरणों के नाम लिखिए ।

(घ) अव्ययीभाव समास की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न(2)- निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) समस्त पद को अलग करने की विधि को .......... कहते हैं|

(ख) पदों के मेल को ........ कहते हैं|

(ग) समास के ........भेद होते हैं|

(घ) अव्ययीभाव समास में पहला पद........ होता है|

(ङ) समास शब्द का अर्थ है........ करने की विधि|

प्रश्न(3) - निम्नलिखित शब्दों के समास विग्रह कीजिए और तत्पुरुष समास के कारकों का नाम लिखिए-

सामासिक पद - समास विग्रह - कारकों के नाम

करोड़पति

वनवास

वृद्धाश्रम

कुलदीप

रोगपीड़ित

यशप्राप्त

आत्मविश्वास

इच्छामुक्त

प्रश्न(4)- निम्नलिखित रेखांकित पदों को समस्त पद में बदलकर वाक्यों को पुनः लिखिए।

- राजस्थान का काठ की पुतलियों का तमाशा बहुत प्रसिद्ध है|

- सीता और गीता ने अपने भाई की रक्षा के लिए अपने प्राण गंवा दिए|
- दक्षिण भारत के मंदिरों में अनेक यज्ञ के लिए शालाएँ बनी हुई हैं|
- सबसे पहले लम्बा है उदर जिसका की पूजा की जाती है|

प्रश्न(5)- निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

पर्वत , बिजली , शिक्षक

प्रश्न(6)- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

सभ्य , धर्म , नूतन , नवीन , जड़

प्रश्न(7)- निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए-

* आँखों के सामने होने वाला –

* जिसमें लज्जा न हो-

* जिसमें धैर्य न हो-

प्रश्न(8)- स्वास्थ्य अधिकारी को मोहल्ले की गन्दगी के विषय में शिकायती पत्र लिखिए|

प्रश्न(9)- निम्नलिखित विषयों पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए-

- मेरे सपनों का भारत
- भलाई सबसे बड़ा धर्म

प्रश्न(10)- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

मित्र की पहचान विपत्ति पड़ने पर ही होती है| सच्चा मित्र मिलना सरल नहीं| मित्र का चुनाव सोच-समझकर करना चाहिए| मित्र का चुनाव करते समय उसके व्यवहार , आचरण जैसी बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए| सच्चा मित्र विनम्र , सदाचारी , विश्वसनीय तथा चरित्रवान होना चाहिए| सच्चा मित्र एक शिक्षक की भाँति होता है जो अपने मित्र को सही रास्ते पर ले जाता है| जब मनुष्य संकट में होता है और चारों ओर निराशा का अंधकार दिखाई देता है तो केवल सच्चा मित्र ही आशा की किरण के रूप में सामने आकर अंधकार को दूर करता है| 'जो सामने तो मीठा बोले, पीछे से काम बिगाड़े' ऐसे मित्र को छोड़ देने में ही भलाई है |

प्रश्न(1)- मित्र की पहचान कब होती है ?

प्रश्न(2)- मित्र का चुनाव करते समय किन – किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

प्रश्न(3)- सच्चे मित्र को शिक्षक की भाँति क्यों कहा गया है ?

प्रश्न(4)- दिए गए गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |

प्रश्न(5)- किस प्रकार के मित्र को छोड़ देने में भलाई है ?

# END